## यूज इन शॉर्ट



### जल गंगा संवर्धन अभियान मे विभिन्न ग्राम पंचायत में लोगों ने किया श्रमदान

शहडोल। शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। इसी कड़ी में आज जिले के ग्राम नगपुरा, कुड्डी, खोडरी सहित अन्य ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई तथा लोगों द्वारा गांव के तालाब, नाले सहित अन्य जल संरचनाओं की साफ सफाई का कार्य किया गया।

### जैतपुर पुलिस के द्वारा अवैध खनिज गिटटी परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही

शहडोल। जैतपुर थानान्तर्गत कस्बा भ्रमण के दौरान मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैक्टर में अवैध रूप से गिटटी लोड कर चुहिरी तरफ ले जाया जा रहा है। सूचना पर जैतपुर पुलिस तस्दीक हेतु ग्राम देवगढ पहुंचे जहां एक ट्रैक्टर गिटटी लोड जाते दिखा। जिसे रोकवाकर उसके चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना संतोष उर्फ राज प्रजापति पिता रामदास प्रजापति उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम देवगढ का होना बताया। चालक से वाहन में लोड गिटटी के संबंध में दस्तावेज मांगने पर उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना बताया। जिस पर पुलिस द्वारा उक्त ट्रैक्टर को मय गिटटी लोड जप्त कर आरोपी चालक संतोष उर्फ राज प्रजापति एवं वाहन मालिक रंचू प्रजापति निवासी ग्राम देवगढ के विरूद्ध बी.एन.एस. एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जैतपुर के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक सूर्यप्रताप सिंह परिहार एवं प्रधान आरक्षक रणबहादुर सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### अवैध शराब जप्त

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत दिनांक 30 मार्च 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 10 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 66 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत 17,780 है।

### रजत पदक से सम्मानित हुए पंडित प्रशांत चतुर्वेदी



शहडोल। उज्जैन महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन द्वारा आयोजित पंचम दीक्षांत समारोह में पंडित प्रशांत चतुर्वेदी को मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार एवं उज्जैन सांसद अनिल फिरोजिया के द्वारा के द्वारा कक्षा आचार्य (फलित ज्योतिष) में विश्वविद्यालय की मैरिट लिस्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हें रजत पदक व फलित ज्योतिषाचार्य की उपाधि से सम्मानित किया गया इसके अलावा पंडित प्रशांत चतुर्वेदी को इसके पहले भी विभिन्न राष्ट्रीय संस्थानों के द्वारा ग्लोबल एस्ट्रो आईकॉन अवार्ड ज्योतिष गौरव अवार्ड आदि कई राष्ट्रीय स्तर के अवार्ड से भी इसके पहले सम्मानित किया जा चुका है महर्षि पाणिनि संस्कृति एवं वैदिक विश्वविद्यालय उज्जैन के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पतंजलि संस्कृत विश्वविद्यालय के हरिद्वार के कुलपति आचार्य बालकृष्ण बालयोगी उमेश नाथ उज्जैन उत्तर से विधायक अनिल जैन वा संस्कृत के कई वैदिक विद्वान एवं छात्र शामिल हुए।

---

**अनदेखीः सर्वसुविधा के सपने दिखा बनाई कॉलोनी, नहीं हैं मूलभूत सुविधाएं**

# खंभे ही नहीं, बांस-बल्लियों और सरियों के सहारे बिजली

**विजय मत, शहडोल।**

नगर में सर्वसुविधा के सपने दिखाकर प्लॉट बेचे और कॉलोनियां तो बना दी, लेकिन हकीकत में इन कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी रहवासी परेशान है। स्थिति यह है कि पेयजल सुविधा तो दूर की बात बिजली खंभे भी नहीं। इससे बांस-बल्लियों व घरों के सरियों व दरवाजों के सहारे बिजली केबिलों का जाल बिछा हुआ है, जिनसे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### शहर में ऐसी एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों कॉलोनियां

शहर में ऐसी एक-दो नहीं बल्कि दर्जनों कॉलोनियों हैं, जिनमें कॉलोनाइजरों के सर्वसुविधा के सपनों को सच मानकर लोगों ने प्लॉट खरीदकर मकान बना लिए। लेकिन वहां न तो पेयजल लाइन है और न ही बिजली लाइन हैं। बिजली कंपनी भी उन्हें अवैध कॉलोनी बताकर कनेक्शन नहीं देती है। हालात यह है कि शहडोल नगर का विस्तार जोरों पर है परंतु उन्हें सुविधाओं के नाम पर ठेंगा दिखाया जा रहा है।

### न ट्रांसफार्मर और न हीं कोई बिजली खंभे



शहडोल नगर के पचगांव रोड में अनेक ऐसी कालोनियां विकसित हैं जहां आज तक ना ही ट्रांसफॉर्म है ना ही खंबे के द्वारा लाइट प्रदान की गई है। ऐसी स्थिति कल्याणपुर, शहडोल नगर से लगे कुदरी, अमृता हॉस्पिटल के पीछे, ग्राम कोटमा, छतवई तथा सिंहपुर रोड में निर्मित अनेक कॉलोनी में देखा जा सकता है, शहडोल नगर में कॉलोनी में बड़ी संख्या में मकान बने हुए हैं, कॉलोनी तो बन गई, लेकिन यहां पर न तो कॉलोनी का ट्रांसफार्मर है और न हीं बिजली खंभे। इससे रहवासियों ने खुद ही अपनी-अपनी केबिल बिछाई हैं और खाली प्लॉटों व घरों के सरियों से निकलीं इन बिजली केबिलों से हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### कहीं बांस तो कहीं घरों के सहारे बिजली केबिल

ऐसे ही पचगांव एवं कल्याणपुर में स्थित कॉलोनी में भी यही हालात हैं, यहां पर बिजली खंबे न होने से कहीं बांस-बल्लियों के सहारे तो कहीं घरों के बाहर निकले सरियों से बांधकर बिजली केबिल निकालकर लोग अपने घरों तक ले गए हैं, जिनसे घरों पर बिजली व्यवस्था होती है, लेकिन जानकारी होने के बावजूद जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

### बारिश व आंधी में खतरा ज्यादा

बिजली कंपनी द्वारा बिजली कनेक्शन तो दिए जा रहे हैं, लेकिन ये कनेक्शन बिजली के खंभों की बजाय बांस की लकड़ियों पर टिके हुए हैं। मार्ग पर बल्लियां लगाकर तार घरों तक पहुंचाया गया है। कई बार बारिश व आंधी से इन बल्लियों के गिरने का खतरा भी बना रहता है।

---

## राज्य स्तरीय सेपक टकरा खेल प्रतियोगिता का हुआ समापन, शहडोल बना विजेता



**विजय मत, शहडोल।**

29 से 30 मार्च तक शहडोल के विचारपुर बालक क्रीड़ा परिसर मे चल रहे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जयसिंहनगर विधायक मनीषा सिंह, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष घनश्याम दास जयसवाल, रहीस खान सहायक संचालक खेल,डॉ सुनील हथगेल शिशु रोग विशेषज्ञ, राजन शर्मा संचालक शांति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल,सबदर वोरा संचालक वेलवेदर स्कूल शहडोल, क़ी गरिमामयी उपस्थिति मे कराया गया। वही मध्य प्रदेश सेपक टकरा के महासचिव प्रतीक केशरवानी एवं सह सचिव आशीष मिश्रा ने जानकारी देते हुआ बताया की मध्यप्रदेश के लगभग 25 जिले ने सहभागिता की। सभी जिले से आये खिलाड़ियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है। जहाँ विजेता शहडोल जिला, उपविजेता जबलपुर जिला और तीसरा स्थान डिंडोरी रहा। वही अपने-अपने आयु वर्ग मे चयनित खिलाड़ियों को पदक देकर सम्मानित किया गया व राज्य /राष्ट्रीय निर्णायक को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया बताया गया की प्रतियोगिता मे शामिल कराया जायेगा। महासचिव ने बताया की विगत कई वर्षो से शहडोल जिले खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता मे भी पदक विजेता रहे हैं। वही राज्य/राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता मे पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग द्वारा खेल छात्रवृत्ति भी दी जाती है।

राज्य स्तर प्रतियोगिता के व्यवस्थापक और जिला, अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव सचिव रामकिशोर चौरसिया, उपाध्यक्ष प्रमोद विश्वकर्मा, सह सचिव, संजय सिंह कंघीकार, कोषाध्यक्ष युवराज सिंह सदस्य, पंकज सिंह राजपूत, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष पुष्पराज सिंह,अजय सोंधिया, दयानन्द सोंधिया,सागर संभाग के प्रभारी उमंग चतुर्वेदी, अमित पुष्पद एवं अन्य की उपस्थिति रही।



### 102 वर्ष की आयु में पंडित दुर्गा प्रसाद मिश्रा का हुआ निधन

धनपुरी- धनपुरी नगर के कच्छी मोहल्ला निवासी प्रतिष्ठित आचार्य पंडित दुर्गा प्रसाद मिश्रा का विगत दिनों 102 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया वह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे उनका दाह संस्कार दोपहर 1:00 बजे बंगवार गवार रोड स्थित श्मशान घाट में किया गया। दुर्गा प्रसाद मिश्रा के दुखद निधन पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छाबड़ा वरिष्ठ पत्रकार सनत शर्मा पंडित विनोद शर्मा भाजपा नेता विनय सिन्हा सुरेश पाल सदन कपूर नरेंद्र कचेर पार्षद विक्की नामदेव संदीप गुप्ता सहित अनेकों लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### नरसरहा डिपो के पास शिव मंदिर परिसर में कुछ तत्वों द्वारा तोड़ दी गई फेंसिंग

**वार्ड वासियों ने कोतवाली में की शिकायत, मामला जांच में**



**विजय मत, शहडोल।**

स्थानीय नगर पालिका के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 28 नरसड़ा डिपो के पास स्थित शिव मंदिर परिसर में सीमेंट पोल की फेंसिंग कुछ तत्वों द्वारा 30 मार्च की रात तोड़ दी गई और एक दिन पहले कुछ सामाजिक तत्वों द्वारा गाली गलौज करते हुए जहां से मारने की धमकियां दी गई। इस घटना की शिकायत वार्ड वासियों द्वारा कोतवाली थाने में लिखित रूप से की गई है।

कोतवाली में की गई शिकायत में कहा गया है कि खसरा नंबर 120 ग्राम हल्का नरसंहा डिपो वार्ड नंबर 28 में पुराना शिव मंदिर स्थित है जिसमें शासकीय भूमि खसरा नंबर 120 रकवा नंबर 3.6990 हेक्टर शासकीय भूमि स्थित है जो की मंदिर परिसर की भूमि है जिसमें लगभग 100 वर्षों से वार्ड वासी मंदिर में पूजा पाठ करने आ रहे हैं। इस मंदिर परिसर में सीमेंट के पोल एवं लोहे की तार से फेंसिंग का काम चल रहा था 29 मार्च को कुछ लोग आकर धमकी देकर गाली गलौज करने लगे और 30 मार्च की रात फेंसिंग के पॉल को तोड़ दिया गया जिससे मंदिर का नुकसान हुआ है। 31 मार्च को इस घटना की शिकायत कोतवाली थाना में वार्ड वासियों ने की है।

---

## अव्यवस्था- आखिर कितनी मौत के बाद जागेगा प्रशासन?

**हाईवे पर ना तो कोई जिक जैक, ना ही संकेतक, न हीं यातायात कर्मी, कैसे रुकेगी दुर्घटना**

**विजय मत, शहडोल।**

शहडोल नगर में यातायात दबाव को कम करने के लिए बूढी माता मंदिर उमरिया रोड के पास से राजा बाग होते हुए बुढार रोड तक जाने वाली हाईवे में आज तक किसी प्रकार की सुरक्षात्मक उपाय किए गए हैं, ना ही कोई संकेतक लगाए गए हैं तथा नही आज तक कोई यातायात कर्मी को खड़ा किया जाता है, जिससे दुर्घटना रोकी जा सके। सड़क निर्माण कंपनी एवं यातायात विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बता दें कि हाल में ही मेडिकल कॉलेज से एक महिला मरीज को बाइक पर बैठकर युवक शहडोल की ओर आ रहा था, तभी बुढार ओर जा रही एक तेज रफ्तार बाइकों से भिड़ंत हो गई, जिसमें बाइक में सवार महिला सहित तीन लोगों को चोटें आई थीं। परंतु जिम्मेदारों द्वारा किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



### निर्माण के बाद सड़क हादसों में काफी इजाफा

नए हाईवे के निर्माण के बाद सड़क हादसों में काफी इजाफा हुआ है, सोहागपुर थाना के ठीक सामने से गुजर यह हाईवे बुढार व छत्तीसगढ़ को जोड़ता है ,मेडिकल कॉलेज चौराहे पर मेडिकल कॉलेज में तैनात स्टाफ के साथ-साथ मरीजों का भी आना जाना 24 घंटे बना रहता है। आए दिन यहां मरीज के साथ स्टाफ भी सड़क हादसे का शिकार होते हैं। कई बार यहां सड़क हादसों में लोगों की जान तक चली गई है।

### न तो कोई संकेतक, ना ही कोई यातायात कर्मी

पूर्व में भी जिम्मेदारों द्वारा आश्वासन दिया गया था कि हाईवे के प्रमुख तिराहों एवं चौराहों में यातायात कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी तथा उनके द्वारा यातायात तथा स्पीड में नियंत्रण हेतु लोगों को समझाइए दी जाएगी परंतु इस प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई ना ही हाईवे में दुर्घटना से बचने हेतु किसी प्रकार की कोई व्यवस्था की गई।

### हाईवे पर अभी तक नहीं लगा जिक जैक

पूर्व में यातायात डीएसपी द्वारा जानकारी दी गई कि सड़क निर्माण कंपनी को साइन बोर्ड लगाने को कहा गया है, पत्राचार भी किया गया रही बात जिक जैक की तो जल्द ही यहां जिक जैक लगाए जाएंगे। परंतु जिम्मेदारों द्वारा अभी तक हाईवे में सड़क दुर्घटना से रोकने के लिए जग जैक लगाया जाएगा।

### सिलाई प्रशिक्षण के 17 प्रशिक्षुओ को बैग किट एवं नोटबुक भेंट किया गया

**विजय मत, धनपुरी।**

श्रद्धा महिला मंडल के तत्वाधान में किए जा रहे सामाजिक कल्याण कार्य से प्रेरित होकर, महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारी सोहागपुर शाखा की सुरभि महिला समिति द्वारा संचालित निःशुल्क कंप्यूटर एवं सिलाई प्रशिक्षण केंद्र में दिनांक 29/03/2025 को चतुर्थ सत्र का शुभारंभ श्रीमती अपर्णा श्रीकृष्णा जी, अध्यक्षा सुरभि महिला समिति, सोहागपुर क्षेत्र के कर कमलो द्वारा संपन्न हुआ 7 निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 15 प्रशिक्षुओ एवं निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के लिए 17 प्रशिक्षुओ के नामाकन को श्रीमती अपर्णा श्रीकृष्णा जी समिति के पदाधिकारियों एवं परिवेक्षको के सहयोग से अनुमोदित किया गया 7 इस अवसर पर निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के सभी 15 प्रशिक्षुओ को बैग, कंप्यूटर प्रशिक्षण किताब, किट एवं नोटबुक इसी प्रकार निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण के सभी 17 प्रशिक्षुओ को बैग, प्रशिक्षण किट एवं नोटबुक के साथ सभी 32 प्रशिक्षुओ एवं 3 परिवेक्षको को खाने के पैकेट एवं फल सुरभि महिला समिति, सोहागपुर क्षेत्र की अध्यक्षा श्रीमती अपर्णा श्रीकृष्णा जी के कर कमलो से भेट किया गया 7 श्रीमती अपर्णा श्रीकृष्णा जी ने अपने उद्बोधन में सभी नवागत प्रशिक्षुओ का अभिनन्दन किया तथा उन्होंने जो अपने जीवन में आत्मनिर्भरता एवं स्वराज के लिए जो मार्ग चुना है उसके लिए सभी को ढेर सारी शुभकनाये भेट की

---

**मनमानी** | **संबंधित विभाग के अफसरों में आपसी तालमेल की कमी के कारण बने हालात**

## आटो किराया, दूरी अनुसार सूची तय नहीं होने से यात्रियों को देना पड़ रही ज्यादा राशि

**विजय मत, शहडोल।**

शहर में ऑटो चालकों की मनमानी जारी है। आरटीओ, यातायात प्रभारी, नगर पालिका जैसे संबंधित विभाग के अफसरों में आपसी तालमेल नहीं हेने से यात्रियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। दूरी के अनुसार किराया तय नहीं होने के कारण शहर के चौक और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सूची भी नहीं लगाई जा रही है। नपा ने आपसी समन्वय से बैठक कर करीब 15 साल पहले यह काम किया था, इसके बाद इसमें किसी ने रुचि नहीं ली।



### कई सालों ऑटो वालों के साथ बैठक नहीं

कई सालों से शहर में प्रशासन ने ऑटो वालों के साथ बैठक नहीं की है। इस कारण रेलवे स्टेशन, बस स्टेंड, बुढार चौराहा, मुख्य बाजार, स्टेडियम, सब्जी मंडी, जय स्तंभ चौक, बायपास तिराहा, नया बस स्टैंड सहित कलेक्ट्रेट सहित अन्य जगहों से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाने का अभी तक किराया तय नहीं किया है। संबंधित विभाग के अफसरों की खींचतान और अरुचि से यात्रियों का नुकसान हो रहा है।

### स्कूली बच्चों को ढोने ऑटो चालक भी मनमाना किराया

स्कूली बच्चों को ढोने में लगे ऑटो चालक भी मनमाना किराया सालों से ले रहे हैं। शहर में ऑटो चालकों की संख्या करीब 250 से ज्यादा है। इनमें कई लोगों ने ऑटो तो ले रखे हैं, लेकिन अब वे चलाते नहीं हैं। ऐसे लोग फाइनेंस की किस्त निकालने के लिए औरों को रात या दिन में किराये पर दे देते हैं।

### 15 साल में नहीं बनी सूची

करीब 15 साल पहले नपा, यातायात पुलिस, आरटीओ और ऑटो रिक्शा यूनियन की बैठक हुई थी। इसमें मुख्य जगहों से अन्य जगहों की दूरी. डीजल पेट्रोल के भाव, सवारी की संख्या आदि बिंदूओं के आधार पर किराया तय किया गया। नपा ने इस किराया सूची के बडे बडे बोर्ड रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार, चौराहों आदि जगहों पर लगवाए थे, जिससे अंजान यात्रियों को भी किराये की जानकारी रहे और वे आर्थिक नुकसान तथा अनावश्यक होने वाले विवाद से बच सकें। इसके बाद इस दिशा में संबंधित विभाग के अफसरों, जनप्रतिनिधियों, ऑटो यूनियन ने कोई रुचि नहीं ली। इस कारण अब शहर विस्तार का हवाला देकर दिन में बातचीत के आधार पर और रात में दोगुना किराया वसूला जाने लगा है।

## चैत्र शुक्ल प्रतिपदा हिंदू नववर्ष पर भव्य चुनरी शोभा यात्रा

**राष्ट्र सेविका समिति खंड जयसिंहनगर के तत्वाधान में आयोजित किया गया**




**विजय मत, जयसिंहनगर।**

नगरीय क्षेत्र अंतर्गत हिंदू चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नववर्ष व वासंतीय नवरात्रि के स्वागत के लिए रविवार को भव्य चुनरी शोभा यात्रा का आयोजन किया गया।राष्ट्र सेविका समिति के मातृ शक्तियों की अगवाई मे हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड जयसिंहनगर के सभी स्वयं सेवको की उपस्थिति मे चुनरी यात्रा कार्यक्रम का आयोजन जनकपुर रोड वार्ड क्रमांक 01 में विराजमान माँ दुर्गा मंदिर से होते हुए शहडोल रोड से रीवा रोड होते हुए वार्ड नं. 06 में स्थित प्रसिद्ध माँ दुर्गा मंदिर तक निकाली गई।चुनरी यात्रा कार्यक्रम आयोजन के पश्चात् माँ दुर्गा मंदिर में चुनरी यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित सभी श्रद्धालुओं के द्वारा माता की महाआरती की गई तत्पश्चात सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जयसिंहनगर मण्डल अध्यक्ष जयश्री कचेर जी द्वारा सभी को हिन्दू नववर्ष व चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सभी क्षेत्रवासियों को सदैव संगठित रहकर इसी प्रकार भव्यता के साथ शांति, समरसता व सभी को अखण्डता के सूत्र में एक करने वाले अपने प्रमुख सांस्कृतिक त्यौहारों को मनाने का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जयसिंहनगर युवा विकास मंच की ओर से चुनरी यात्रा में पुष्प वर्षा एवम जल आदि की व्यवस्था हिमांशु गुप्ता व उनके टीम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम यात्रा में मातृशक्ति राष्ट्र सेविका समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व जयसिंहनगर युवा विकास मंच के दायित्ववान सभी पदाधिकारी/कार्यकर्ता एवं नगरीय क्षेत्र के सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ जनों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया । व भव्य चुनरी शोभा यात्रा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना अमूल्य समय व योगदान प्रदान किया। इस यात्रा मे रही इनकी उपस्तिथि जी,विभाग कार्य वाहिका श्रीमती रंजना शुक्ला जी, शहडोल नगर कार्यवाहिका श्रीमती अर्चना जायसवाल जी, श्रीमती जयश्री कचेर जी, श्रीमती काजल गुप्ता, जी श्रीमती रोशनी गुप्ता जी,श्रीमती प्रीति गुप्ता जी, दिक्षा कचेर, श्रीमती किरण गुप्ता जी, दिव्या गुप्ता, शामिल रही।

